# सोलर क्षेत्र में ₹8,200 करोड़ का निवेश करेगी SAEL

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी में एसएईएल इंडस्ट्रीज की सब्सिडरी एसएईएल सोलर पी6 ₹8,200 करोड़ का निवेश कर इंटीग्रेटेड सोलर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाएगी। सीएम योगी ने रविवार को कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर सुखबीर सिंह को मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किया। इस साल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का निर्माण कार्य कंपनी द्वारा शुरू कर दिया जाएगा। यूनिट में 5 गीगावॉट क्षमता की सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग और 5 गीगावॉट की सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग लाइन स्थापित की जाएगी। बाद में इसकी क्षमता का 8.5 गीगावॉट तक विस्तार किया जाएगा।

सीएम योगी ने जारी किया लेटर ऑफ कंफर्ट

**'क्लीन एनर्जी के मिशन मे मदद'**

सीएम योगी ने इस मौके पर कहा कि ये कदम यूपी को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएगा। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश न सिर्फ क्लीन एनर्जी के मिशन में प्रतिभाग कर रहा है। बल्कि इसका नेतृत्व भी कर रहा है। क्लीन एनर्जी भविष्य है और उत्तर प्रदेश इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एसएईएल के डायरेक्टर सुखबीर सिंह ने कहा कि इस यूनिट के लगने से सोलर उपकरणों के इंपोर्ट पर निर्भरता कम होगी।

पहले इस कंपनी के निवेश प्रस्ताव में बाधा डालने पर इंवेस्ट यूपी के सीईओ रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को निलंबित जा चुका है।